भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1995
सोमवार, 14 मार्च, 2022/23 फाल्गुन, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विक्रमशिला बौद्ध मठ का पर्यटन सर्किट के रूप में विकास

1995. श्री अजय कुमार मंडलः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार विक्रमशिला बौद्ध मठ को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन सर्किट के रूप में शामिल करने के प्रस्ताव पर सहमत हो गई है और यदि हां, तो आवेदन प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा विक्रमशिला बौद्ध मठ को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार द्वारा विक्रमशिला को आदर्श स्मारक योजना के तहत पहले ही शामिल कर लिया गया है और यदि हां, तो विक्रमशिला के विकास के लिए अब तक शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु 'बौद्ध थीम' सहित 13 थीमैटिक परिपथों के तहत 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन योजनाओं के तहत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और उन्हें निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, संबंधित योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग आदि की शर्त पर स्वीकृत किया जाता है। योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं में विक्रमशिला, बौद्ध मठ शामिल नहीं है।

(ग): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने विक्रमशिला महाविहार को आदर्श स्मारक की सूची में शामिल नहीं किया है।

****